समस्या | सिविक सेंटर की रफ्तार पर पार्किंग का ब्रेक , वाहन और जाम से आमजन परेशान

व्यस्त बाजार में अव्यवस्थित पार्किंग

नवभारत , जबलपुर । शहर के सबसे व्यस्त व्यापारिक क्षेत्रों में शामिल सिविक सेंटर इन दिनों अव्यवस्थित पार्किंग को लेकर जूझ रहा है। जहां एक ओर यह क्षेत्र व्यापार, बैंकिंग, खान-पान और मनोरंजन का प्रमुख केंद्र है, वहीं दूसरी ओर सड़कों पर खड़े वाहनों की लंबी कतारें इसकी पहचान पर सवाल खड़े कर रही हैं। शाम होते ही हालात ऐसे बन जाते हैं कि कुछ सौ मीटर की दूरी तय करने में भी लोगों को कई मिनट लग जाते हैं। आज जब नवभारत की टीम ने पड़ताल के दौरान सामने आया कि कई वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल का उपयोग करने के बजाय सीधे मुख्य सड़क पर खड़े किए जा रहे हैं। इससे न केवल यातायात प्रभावित हो रहा है, बल्कि पैदल

चलने वाले लोगों को भी वाहनों के बीच से गुजरना पड़ रहा है।

सड़क पर कब्जा, वाहन चालकों की बढ़ी परेशानी

सिविक सेंटर की अधिकांश सड़कें दो तरफा यातायात के लिए बनाई गई हैं, लेकिन दोनों ओर खड़े वाहनों के कारण बीच का रास्ता ही आवागमन का एकमात्र विकल्प बचता है। ऐसे में एक वाहन के रुकते ही पीछे कई गाड़ियों की लंबी लाइन लग जाती है। कई बार हॉर्न और अव्यवस्था के बीच पूरा क्षेत्र शोरगुल का केंद्र बन जाता है।

शाम होते ही बढ़ जाती है मुश्किल

कार्यालयों की छुट्टी और बाजार में बढ़ती भीड़ के समय हालात और गंभीर हो जाते हैं। ग्राहकों को पार्किंग नहीं मिलती, दुकानों के सामने वाहन खड़े हो जाते हैं और पूरे क्षेत्र में धीमी गति से वाहन रेंगते नजर आते हैं। कई लोग केवल पार्किंग की समस्या के कारण सिविक सेंटर आने से भी बचने लगे हैं।

इनका कहना है

इसे सड़क सुरक्षा समिति में शामिल किया गया था , इसमें दो तरीके की पार्किंग की व्यवस्था की गई है । जिसमें सामान्य पेड पार्किंग में प्रति घंटे के हिसाब से शुल्क निर्धारित किया गया है, जबकि वाहन चालकों को मल्टी लेवल पार्किंग का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु वहां अपेक्षाकृत कम शुल्क रखा गया है। वहीं ट्रैफिक पुलिस द्वारा व्हील लॉक और क्रेन के माध्यम से जो गाड़िया गलत तरीके से पार्किंग में खड़ी होती है उसमें कार्रवाई कर रहे है ।

संतोष कुमार शुक्ला
डीएसपी , यातायात

सूने मकान से जेवरात और नकदी पार

नवभारत,जबलपुर। पनागर थाना अंतर्गत बंधी में एक सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

पुलिस के अनुसार, ग्राम बंधी निवासी पिंकी पटेल (37) पेशे से किसान हैं। वे अपने मायके ग्राम बघेली खिन्नी गई हुई थीं। उनका बेटा प्रवीण पटेल जबलपुर में रहकर कॉलेज की पढ़ाई करता है, जिसके कारण बंधी स्थित मकान पूरी तरह सूना था। जब प्रवीण घर लौटा, तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा देख उसके होश उड़ गए। अंदर जाकर देखा तो अलमारी का लॉकर भी खुला हुआ था। बेटे की सूचना पर पिंकी पटेल तुरंत मायक से वापस बंधी लौटीं। जब उन्होंने बिखरे हुए सामान और अलमारी की जांच की, तो उसमें रखे सोने के कंगन, एक जोड़ी चांदी की पायल और 12,000 की नगदी गायब थी।

जनसुनवाई के बीच एसपी ऑफिस बना अखाड़ा

दो महिलाओं का हाईवोल्टेज ड्रामा, जमकर चले लात-घूंसे

नवभारत, जबलपुर। पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर उस समय अचानक अखाड़ा के मैदान में तब्दील हो गया, जब जनसुनवाई में अपनी फरियाद लेकर पहुंचीं दो महिलाएं आपस में ही भिड़ गईं। देखते ही देखते दोनों के बीच का विवाद इतना उग्र हो गया कि दोनों ने एक-दूसरे पर हमला कर दिया। इस दौरान जमकर लात-घूंसे चले। जिससे परिसर में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

जानकारी के अनुसार कैंट निवासी पिंकी टंडन और उसके पति के बीच विवाद चल रहा है, मंगलवार को पिंकी एसपी ऑफिस में शिकायत करने पहुंची थी जहां विद्या रैकवार भी पहुंची। जिसने उसके पति का पक्ष लेकर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी थी पिंकी की सुनवाई नहीं थी। इसी बात को लेकर पिंकी और विद्या के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद चंद मिनटों में इतना बढ़ गया कि दोनों महिलाओं ने एक-दूसरे के बाल पकड़ लिए और ताबड़तोड़ लात-घूंसों की बरसात कर दी। परिसर में मौजूद अन्य फरियादी और पुलिसकर्मी जब तक कुछ समझ पाते, दोनों महिलाएं एक-दूसरे को पीटते हुए जमीन पर गिर पड़ीं। जनसुनवाई में अचानक हुई इस मारपीट से मौके पर हड़कंप मच गया। वहां तैनात पुलिसकर्मियों ने तत्काल दोनों को अलग किया और बीच-बचाव किया। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस दोनों महिलाओं को तुरंत पुलिस वाहन में बैठाकर सिविल लाइन थाने ले गई।

झोटापकड़ का वीडियो वायरल, मामला दर्ज

एसपी ऑफिस में हुई इस सरेआम मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर शेयर किया जा रहा है, जिसमें दोनों महिलाएं एक-दूसरे के बाल खींचकर मारपीट करती नजर आ रही हैं। वीडियो में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि दोनों महिलाओं ने एक-दूसरे के बाल पकड़ लिए और ताबड़तोड़ लात-घूंसों की बरसात कर दी। टीआई स्वप्निल दास ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान दो महिलाओं के बीच अचानक टकराव की स्थिति बन गई थी, जिसके बाद दोनों ने आपस में मारपीट की। पुलिस ने स्थिति को तुरंत नियंत्रित कर लिया है। सिविल लाइन थाने में दोनों महिलाओं के बयान दर्ज किए गए जिसके बाद दोनों महिलाओं ने आवेदन दिया जिसके बाद दोनों पक्षों के खिलाफ काउंटर केस दर्ज कर लिया गया है।

पेड़ की डगाल टूटकर लाइन में गिरी, झुलसे दो कर्मी

जबलपुर । भेड़ाघाट थाना अंतर्गत सहजपुर में एलटी लाइन पर पेड़ की डगाल गिरने से टूट गई। सुधार कार्य के दौरान दो आउटसोर्स लाइन कर्मी करंट की चपेट में आ गए और बुरी तरह झुलस गए । जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है ।

जानकारी के मुताबिक भेड़ाघाट सहजपुर में एलटी लाइन पर पेड़ की डगाल गिरने से टूट गई थी, जिसके सुधार के लिए जूनियर इंजीनियर विपिन यादव के द्वारा आउटसोर्स कर्मी प्रदीप कछवाहा, रोहित पटेल, धर्मेंद्र एवं हरिओम को भेजा था। चारों कर्मी जब सुधार कार्य कर रहे थे, उसी दौरान लाइन में करंट आने से प्रदीप कछवाहा और रोहित पटेल उसकी चपेट में आकर झुलस गए। दोनों कर्मियों के हाथ वो पैर में गंभीर चोट पहुंची जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया ।

सहायता राशि नहीं दी

मध्य प्रदेश विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ प्रांतीय महासचिव हरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि अभी तक न तो ठेका कंपनी जीए डिजिटल और न ही बिजली कंपनी ने इलाज के लिए सहायता राशि दी है। संघ के मोहन दुबे, राजकुमार सैनी, अजय कश्यप, विनोद दास, लाखन सिंह राजपूत, राकेश नामदेव, किशोर, इंद्रपाल सिंह, संदीप दीपांकर आदि ने कार्यपालन अभियंता से दोनों आउटसोर्स कर्मियों को इलाज करने के लिए सहायता राशि देने की मांग की है।

चाकू की नोक पर लूट, एफआईआर दर्ज, तीन गिरफ्तार

नवभारत, जबलपुर। पाटन थाना अंतर्गत नुनसर चौकी क्षेत्र में बीती रात सर्विस रोड पर खड़े दो भाइयों को चाकू की नोक पर लूट लिया गया। हालांकि मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार किए जा चुके है। पकड़े गए आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटी गई रकम, वारदात में इस्तेमाल चाकू और बिना नंबर की मोटरसाइकिल जब्त कर ली है।

पुलिस के मुताबिक सत्यम गौंड (22), निवासी करमेता माढ़ोताल, करमेता का आईटीआई का छात्र है। सोमवार रात करीब 11 बजे उसका ममेरा भाई पुष्पेंद्र सिंह गौड़ निवासी पन्ना, सतना काम के सिलसिले में जबलपुर आया था। दोनों भाई एमएम इंटरनेशनल स्कूल के पास सर्विस रोड के किनारे अपनी प्लेटिना बाइक पर बैठकर आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान अंधमूक बायपास की तरफ से एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 एक्स डी 0422 पर सवार तीन बदमाश वहां पहुंचे। बाइक रुकते ही तीनों युवक नीचे उतरे। बाइक चला रहे बदमाश ने तुरंत जेब से चाकू निकाला और दोनों भाइयों की गर्दन पर अड़ाकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ितों को संभलने का मौका भी नहीं मिला और बाइक पर पीछे बैठे लड़के ने जबरन सत्यम की जेब से 500 और बीच में बैठे लड़के ने पुष्पेंद्र की जेब से 355 छीन लिए।

मचा शोर, भागते समय डिवाइडर से टकराया लुटेरा

रुपए छीनने के बाद जब बदमाश भागने लगे, तो दोनों भाइयों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। चीख-पुकार सुनकर पास के पेट्रोल पंप के कर्मचारी लाठियां लेकर दौड़ पड़े। खुद को घिरता देख बदमाश अपनी मोटरसाइकिल मौके पर ही छोड़कर पैदल भागने लगे। सत्यम और पुष्पेंद्र ने घेराबंदी कर दो आरोपियों को मौके पर ही दबोच लिया। वहीं, तीसरा आरोपी बदहवास भागते समय हाईवे के डिवाइडर से टकराकर सिर के बल गिर गया.

ट्रेन में चोरी कर भाग रहे शातिर चोर गिरफ्तार

जबलपुर, नवभारत। मंगलवार को जबलपुर स्टेशन के कटनी छोर के आउटर पर चलती ट्रेन से उतरने वाले दो नाबालिगों को चोरी के 05 नग मोबाइल फोन कीमत करीब 75 हजार रुपये के साथ पकड़े गए। सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार 16 जून की शाम लगभग 06 बजे, बीट ए-10 यार्ड में पर तैनात प्रधान आरक्षक चन्द्रपाल खोवार द्वारा जबलपुर स्टेशन के कटनी छोर आउटर पर ट्रेन से उतरने वाले दो नाबालिग लड़कों को संदिग्ध अवस्था में देखा गया। संदेह होने पर उन्हें रोककर पूछताछ की गई तथा इसकी तत्काल सूचना सहायक उप-निरीक्षक शंकर सिंह को दी गई। सूचना प्राप्त होते ही शंकर सिंह मय स्टाफ तत्काल मौके पर पहुंचे। मौके पर पकड़े गए लड़कों से गहन पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम सौरभ यादव पिता छोटेलाल यादव, उम्र 16 वर्ष, निवासी- नई बस्ती, वार्ड नं. 14, भल्ला फार्म, थाना- कुलगवां, जिला- सतना और अंशु बुनकर पिता रामाधार बुनकर, उम्र 16 वर्ष, निवासी बताया गया। उक्त दोनों बालकों की नियमानुसार जामा तलाशी ली जाने पर उनके कब्जे से कुल 07 नग मोबाइल बरामद हुए। पूछताछ करने पर उन्होंने 01-01 मोबाइल स्वयं का होना बताया तथा शेष 05 नग मोबाइल फोन लमतरा (कटनी) स्थित गुटखा फैक्ट्री में काम करने वाले श्रमिकों से चोरी करना स्वीकार किया।

वाहनों की टक्कर पर गन्ना व्यापारी पर चाकू से जानलेवा हमला

नवभारत,जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत पंचमठा मंदिर सामुदायिक भवन के पास वाहनों की मामूली टक्कर के बाद विवाद इस कदर बढ़ा कि एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया। दो आरोपियों ने मिलकर एक गन्ना व्यापारी को लहूलुहान कर दिया और मौके से फरार हो गए। घायल युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया ह पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आनंद नगर केवट बगीचा निवासी 20 वर्षीय सागर कुशवाहा उर्फ शिवांशु, आनंद नगर बस स्टॉप के सामने गन्ना और नारियल का ठेला लगाता है। बीती रात करीब 10 बजे वह अपने दोस्त मयंक सिंह ठाकुर के साथ अपनी सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल एमपी 20 जेड एस 2679 में पेट्रोल डलवाने अधारताल पेट्रोल पंप गया था। वहां से लौटते समय मुख्य सड़क की क्रॉसिंग पर उनकी बाइक, सब्जी विक्रेता नितेश राय के सफेद रंग के छोटा हाथी लोडिंग वाहन से टकरा गई। हादसे के बाद बातचीत करने के लिए सागर ने नितेश को रोका। इसके बाद दोनों पक्ष पंचमठा मंदिर सामुदायिक भवन के पास पहुंचे। वहां नितेश राय और उसका एक अन्य साथी सागर के साथ झूमाझपटी करने लगे। नितेश ने कहा, तूने मेरी गाड़ी में टक्कर मारकर नुकसान किया है, मुझे अभी 2000 हर्जाना दे। जब सागर ने गाली देने से मना किया और पैसे देने का विरोध किया, तो विवाद बढ़ गया। नितेश राय ने सागर को पीछे से कसकर पकड़ लिया और उसके साथी ने जेब से धारदार चाकू निकालकर सागर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। चाकू लगने से सागर की कलाई पर गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। चीख-पुकार सुनकर जब तक लोग इकट्ठा होते, दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए अपने लोडिंग वाहन से भाग निकले।

मत्स्याखेट पर प्रतिबंध, 15 अगस्त तक क्लोज सीजन घोषित

जबलपुर। वर्षा ऋतु के दौरान प्रजनन और वंशवृद्धि के दृष्टिकोण से मछलियों को संरक्षण देने कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने आदेश जारी कर 16 जून से 15 अगस्त की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित किया है। इस अवधि में जिले में स्थित सभी नदियों और जलाशयों में मत्स्याखेट को पूर्णत: निषिद्ध कर दिया है। मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग नियम 1972 के प्रावधानों के तहत जारी इस आदेश में कलेक्टर ने जिले में मत्स्य विक्रय, मत्स्य विनिमय एवं परिवहन को भी प्रतिबंधित कर दिया है। कलेक्टर द्वारा जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू भी हो गया है। आदेश में कहा गया है कि इसका उल्लंघन करने पर मध्यप्रदेश राज्य मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम 1981 की धारा पाँच के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपये तक का जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकेगा।

चाकूबाजी में घायल किशोर की मौत, हत्या की धारा बढ़ी

नवभारत, जबलपुर। रांझी थाना अंतर्गत गंगा मैया में गत दिवस क्रिकेट खेलकर घर लौट रहे किशोर पर पड़ोस में रहने वाले दो नाबालिग लड़कों ने चाकू से हमला कर दिया था। घायल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है मामले में हत्या की धारा बढ़ा दी गई है। दो आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि 13 जून को गंगा मैया निवासी जानसन पिल्ले अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने गया था। खेल खत्म होने के बाद वह पैदल ही अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसे पड़ोस के रहने वाले दो नाबालिग लड़के मिल गए थे। पुरानी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हो गई थी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया था कि दोनों नाबालिग लड़के तैश में आ गए थे उन्होंने जानसन को संभलने का मौका भी नहीं दिया और सीधे उसके गले पर चाकू से वार कर दिया था। जब जानसन ने बचने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उसकी पीठ पर भी ताबड़तोड़ कई वार किए थे। हमले में गंभीर रूप से जख्मी होकर जानसन लहूलुहान हालत में मौके पर ही गिर पड़ा था। चीख-पुकार सुनकर आस-पास के लोग और जानसन के दोस्त मौके पर पहुंचे, जिन्हें देखकर आरोपी भाग निकले थे। खून से लथपथ जानसन को अस्पताल पहुंचाया था जहां बीती रात इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार नाबालिग आरोपियों को दबोच लिया है।

बुलेरो की टक्कर से छात्रा घायल

जबलपुर । गोराबजार थाना क्षेत्र में बुलेरो की टक्कर से छात्रा घायल हो गई। पुलिस ने बताया कि मानस्वी पिल्ले 17 वर्ष निवासी बिलहरी मंडला रोड ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कक्षा 12 वीं पढ़ती है। मंगलवार दोपहर लगभग 3-30 बजे अपनी एक्सिस क्रमांक एमपी 20 एक्स सी 4866 से घर शास्त्रीब्रिज कोचिंग जा रही थी जैसे ही पहलवान बाबा के सामने सब्जी मार्केट के पास पहुँची तभी पीछे से सफेद रंग की बुलेरो का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी एक्सिस में पीछे से टक्कर मार दिया जिससे उसके दाहिने पैर मे चोट आयी है।

हत्या के बाद सुसाइड प्रकरण : अवैध पिस्टल से चली थीं गोलियां

पीएम बाद परिजन लखनऊ ले गए शव

नवभारत, जबलपुर। गोरखपुर थाना अंतर्गत डॉ. भंडारी अस्पताल के पास स्थित राजुल डुप्लेक्स में सोमवार दोपहर ब्यूटी पार्लर संचालिका की गोली मारकर हत्या करने के बाद पार्टनर ने स्वयं पर फायर कर आत्महत्या कर थी । इस सनसनीखेज गोलीकांड को जिस पिस्टल से अंजाम दिया गया था वे अवैध निकली है। मंगलवार को दोनों का पीएम हुआ। इसके बाद युवक का शव परिजन लखनऊ ले गए जबकि महिला का शहर में ही अंतिम संस्कार किया गया। विदित हो कि शक्ति कोहली पिता निहाल कोहली 44 वर्ष निवासी नर्मदा रोड रतन कॉलोनी गोरखपुर की ब्यूटी पार्लर का संचालन कर रही थीं। हाल ही में उसने डॉ. भंडारी अस्पताल के पास स्थित राजुल डुप्लेक्स में नया पार्लर खोला था, जिसमें दीपेश राठौर पिता सुरेश राठौर 40 वर्ष निवासी फूटाताल का बिजनेस पार्टनर था। जिसके आपराधिक रिकॉर्ड होने के बारे में पता चलने के बाद शक्ति ने उससे दूरी बनाना शुरू कर दिया था। जिसके बाद दोनों के बीच में हुआ शुरू हो गया था। शक्ति सोमवार दोपहर 12:30 बजे साथ में काम करने वाली तमन्ना के घर गई जहां से दोनों राजुल डुप्लेक्स पार्लर का सामान समेटकर किसी दूसरी जगह शिफ्ट होने की तैयारी करने पहुंची। इसी दौरान दीपेश वहां पहुंच गया। दीपेश, शक्ति अंदर चले और दरवाजा बंद कर लिया तमन्ना बाहर थी।

इसी बीच दीपेश और महिला के बीच विवाद हुआ इसके बाद गोलियां चली और दोनों की मौत हो गई। टीआई नितिन कल ने बताया कि दीपेश ने पहले शक्ति को गोली मारी थी इसके बाद उसने स्वयं पर फायर कर सुसाइड कर लिया था। मंगलवार को दोनों का पीएम हुआ। इसके बाद दीपेश के परिजन उसका शव यूपी लखनऊ ले गए जबकि महिला का अंतिम संस्कार शहर में ही हुआ । जिस पिस्टल से फायरिंग हुई थी वे अवैध है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

निर्माणाधीन मकान में मार्बल के पीछे छिपा था कोबरा

जबलपुर। तिलवारा थानांतर्गत चौकीताल स्थित रेवा कालोनी में वंश यादव के निर्माणाधीन मकान में दोपहर तीन बजे जब मजदूरों ने दीवार से सटकर रखे मार्बल के पत्थर को उठाना चाहा कि जोरदार फुंफकारने की आवाज से मजदूर स्तब्ध रह गए।

स्थानीय विवेक तिवारी को सूचना दी जिन्होंने सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे को फोन लगाकर सर्प होने की जानकारी दी। सूचना पर पहुंचे सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। पकड़ा गया सांप कोबरा प्रजाति का नाग है, जो कि घातक जहरीला होता है। यद्यपि बिना छेड़छाड़ के सांप किसी को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। सर्प के पकड़े जाने पर सभी ने राहत की सांस ली।

दो घंटे तक गमले के पीछे बैठा था सात फीट लंबा सांप

गढ़ा थानांतर्गत गुलाटी पेट्रोल पंप के पीछे रहने वाले राहुल झारिया के घर में दोपहर साढ़े बारह बजे एक सात फीट लंबा सांप गमले के पीछे बैठा देखकर वहां अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। दुबे के अनुसार पकड़ा गया सांप धामन प्रजाति का सांप है ।ये जहरीला नहीं होता है।

180 लीटर अवैध डीजल के साथ युवक गिरफ्तार

जबलपुर। बरगी पुलिस ने मानेगांव में दबिश देकर एक युवक को भारी मात्रा में अवैध डीजल के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से कुल 180 लीटर डीजल जब्त किया गया है, जिसकी कीमत करीब 18 हजार रुपये है। टीआई नीलेश दोहरे ने बताया कि मानेगांव में वेयर हाउस के पास घेराबंदी कर अवैध रूप से ज्वलनशील पदार्थ डीजल लेकर ग्राहकों को बेचने की फिराक में खड़े अनिल पटेल (32) निवासी मानेगांव वेयर हाउस के पास, बरगी को दबोचा गया। जब पुलिस ने मौके पर रखे प्लास्टिक के 6 डिब्बों की तलाशी ली, तो प्रत्येक डिब्बे में 30-30 लीटर डीजल भरा हुआ मिला।

शिविर | नगर निगम द्वारा सभी 16 संभागों में लग रहे शिविर, 18 जून तक संभागों और वार्डो में लगेंगे

3 हजार से अधिक हितग्राही हुए लाभान्वित

नवभारत,जबलपुर। भारत सरकार एवं राज्य द्वारा संचालित जनकल्याण योजना के शिविर लगाने के संबंध में प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत् नगर निगम द्वारा नागरिकों और हितग्राहियों को शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने के लिए शहर के सभी 16 संभागों में शिविरों का आयोजन किया गया। इस संबंध में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि जनकल्याण योजना शिविर आगामी 18 जून तक संभागों में लगे रहेंगे। शिविरों के इसी क्रम में अभी तक 3 हजार से अधिक हितग्राही लाभांवित हुए।

निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने शहर के समस्त पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी संभाग कार्यालय में पहुंचकर इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। शिविरों में हितग्राहियों को लाभ पहुँचाने के लिए निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के साथ सभी अपर आयुक्त, उपायुक्त और संभागीय अधिकारी भी सक्रिय रहे।

इन योजनाओं के कामों का हो रहा निराकरण

निगमायुक्त ने बताया कि शिविरों में मुख्य रूप से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, मुख्यमंत्री संबल योजना, भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मण्डल योजना, राशन संबंधी पात्रता पर्ची जारी करना एवं सुधार के आवेदनों का त्वरित निराकरण और सहायता प्रदान की जा रही है। हितग्राहियों की सुविधा और मार्गदर्शन के लिए प्रत्येक शिविर में हेल्प डेस्क और रजिस्ट्रेशन काउंटर बनाया गया है। यहाँ हितग्राही अपना जरूरी काम एक ही छत के नीचे करा पा रहे हैं।

बमबाजी, दुष्कर्म, सुसाइड प्रकरण में फरार आरोपित हुए ईनामी

जबलपुर। बमबाजी, दुष्कर्म, आत्महत्या करने के लिए उकसाने, धमकी, मारपीट के थानों में दर्ज प्रकरणों में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने ईनाम घोषित कर दिया है। जानकारी के अनुसार रांझी थाने में दर्ज विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के प्रकरण में फरार प्रवीण रजक, पवन रजक, देवू अन्ना उर्फ देवा स्वामीतीनों निवासी पुराना शोभापुर पर दस-दस हजार, एवं एक अन्य मारपीट, धमकाने के मामले में फरार प्रवीण रजक, सौरभ उर्फशांटू यादव , अनिल सोनी पर तीन-तीन हजार, ग्वारीघाट में दर्ज दुष्कर्म के प्रकरण में मोहिसन इकबाल सैयद निवासी महाराष्ट्र पर चार हजार,गोरखपुर थाने में दर्ज आत्महत्या करने के लिए उकसाने के मामले में विनोद विश्वकर्मा निवासी शिवनगर रीवा कालोनी रामपुर पर चार हजार रूपए का ईनाम घोषित किया गया है ।

एनसीसी के 105 कैडेटों की सुगम हुई यात्रा

जबलपुर, नवभारत। मंगलवार सुबह लगभग 05:30 बजे लेफ्टिनेंट कर्नल जे. आर. जडेजा द्वारा जबलपुर स्टेशन पर रेल प्रशासन से संपर्क कर विशेष सहयोग का अनुरोध किया गया। लेफ्टिनेंट कर्नल श्री जडेजा अमरकंटक एक्सप्रेस से जबलपुर पहुंचे थे तथा उनके साथ एनसीसी प्रशिक्षण शिविर में सम्मिलित लगभग 105 कैडेट अहमदाबाद जाने हेतु उपस्थित थे। प्रारंभिक स्तर पर उन्होंने स्टेशन प्रबंधक कार्यालय से संपर्क किया, जहां ड्यूटी पर कार्यरत उप स्टेशन प्रबन्धक (वाणिज्य) द्वारा संबंधित अधिकारी का संपर्क उपलब्ध कराया गया। दूरभाष पर हुई चर्चा के दौरान उन्हें अवगत कराया गया कि पृथक कोच उपलब्ध कराने के लिए निर्धारित बुकिंग प्रक्रिया का पालन आवश्यक होगा। साथ ही उपलब्ध आरक्षण की भी जांच की गई, किन्तु किसी भी श्रेणी में पर्याप्त सीटें उपलब्ध नहीं थीं। यात्रियों की सुविधा एवं परिस्थितियों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित अधिकारी द्वारा तत्काल रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) से समन्वय स्थापित किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ मधुर वर्मा के आदेशानुसार वाणिज्य विभाग के मुख्य बुकिंग पर्यवेक्षक श्री संजय जायसवाल की सहायता से एन सी सी प्रोटेक्ट कैंप के लगभग 105 बच्चों को समय कम रहते हुए भी गाड़ी संख्या 11464 में इंजन से संलग्न सामान्य श्रेणी के कोच में सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से बोर्ड कराया गया, जिससे उनकी यात्रा बिना किसी असुविधा के सुनिश्चित हो सकी। रेल प्रशासन की त्वरित कार्यवाही, प्रभावी समन्वय एवं यात्री सुविधा के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण की लेफ्टिनेंट कर्नल श्री जे. आर. जडेजा ने सराहना करते हुए भारतीय रेल एवं जबलपुर रेल प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।